भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0-1146
उत्तर देने की तारीख 16 अगस्त, 2013

टेलीग्राम सेवाओं को बंद किया जाना

1146 डा0 योगेन्द्र पी0 त्रिवेदी :

क्या संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अपनी सबसे पुरानी टेलीग्राम सेवा पूर्णतः बंद कर दी है;

(ख) यदि हां, तो इस सेवा को कब बंद किया गया है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी और विधि एवं न्याय मंत्री (श्री कपिल सिब्बल)

(क) से (ग) : भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) देश में तार सेवाएं प्रदान कर रहा था। तार सेवाएं दिनांक 15.07.2013 से बन्द कर दी गई हैं। तार सेवाएं इसलिए बन्द कर दी गई हैं क्योंकि अब संचार के नये साधन उपलब्ध हैं। तार सेवाओं, जिनका कुछ समय से उपयोग कम हो गया था और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के राजस्व में कमी हो रही थी, की तुलना में संचार के ये साधन अधिक सस्ते, तीव्र और अधिक विश्वसनीय हैं।

****